Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to exempt entry fee in Buddha temples and Memorials, conserved by Archaeological Survery of India.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया । भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित बौद्ध स्मारकों में, जैसे कि बौद्ध लेनी गुफा, बौद्ध स्तूप एवं बौद्ध वास्तु में भारतीय और विदेशी बौद्ध समुदाय के व्यक्ति, जैसे कि बौद्ध धर्म को मानने वाले व्यक्ति, बौद्ध विचारक, गौतम बुद्ध द्वारा दिए गए पारम्परिक धम्म मार्ग में विश्वास करने वाले धम्म के अनुयायी, भारत की प्राचीन बौद्ध गुफाओं में धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-अर्चना के लिए निरन्तर आते-जाते हैं । महाराष्ट्र में भी बहुत संख्या में बौद्ध मंदिर, गुफायें और मेडीटेशन सेंटर्स स्थित हैं । इन धार्मिक स्थानों, विशेषतया गुफाओं में सभी अनुयायियों को पूजा-अर्चना के लिए बिना शुल्क प्रवेश होना चाहिए । ज्यादातर बौद्ध गुफायें और मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि भारतीय पुरातत्व विभाग गाइडलाइन बनाकर सभी गुफाओं और मंदिरों में प्रवेश शुल्क समाप्त करे ।